राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

मासिक रिपोर्ट – मई 2023

एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

1. **एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ**
    1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 1,35,620 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।
    2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 24,214 स्मार्ट मीटर क्षेत्र में लगाए गए।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।

2. **बैठक व गतिविधियाँ**
    1. 3 मई 2023 को निदेशक NPMU ने 'साउथ एशिया क्लीन एनर्जी फोरम' (SACEF) 2023 में "स्मार्ट मीटरिंग एंड डेटा एनालिटिक्स" पर सत्र में भाग लिया ।
    2. 3 मई 2023 को JVVNL के साथ एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजना के अंतर्गत डिस्कोम द्वारा लागू ऊर्जा लेखा प्रक्रिया के प्रदर्शन पर एक आभासी बैठक आयोजित की गई।
    3. 8 मई 2023 को NPMU ने MNIT जयपुर में 'उद्योग उन्मुख ग्रीन पावर स्टेकहोल्डर कार्यशाला' में भाग लिया। निदेशक NPMU ने डाटा प्रबंधन और डिजिटलीकरण पर ट्रैक का संचालन किया।
    4. मुख्य महाप्रबंधक, NPMU ने NIT कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'सिस्टम्स, कंट्रोल एंड ऑटोमेशन' (ICSCA-2023) पर विशेषज्ञ विस्तृत वार्ता में भाग लिया और 12 मई 2023 को भारत में स्मार्ट ग्रिड के वर्तमान परिदृश्य पर प्रस्तुति दी।
    5. 13 मई 2023 को निदेशक NPMU ने "पावर सेक्टर विनियमन, अर्थशास्त्र और प्रबंधन" पर IIT कानपुर द्वारा आयोजित ई-मास्टर कार्यक्रम में स्मार्ट ग्रिड से संबंधित विनियामक पहलुओं पर सत्र दिया।
    6. स्मार्ट मीटरिंग स्थापना (स्मार्ट उपभोक्ता मीटरिंग, DT मीटरिंग और फीडर मीटरिंग को शामिल करते हुए) मोनिटरिंग के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा मार्च 2023 में निर्धारित डाटा प्रारूप के आधार पर नया डैशबोर्ड इन-हाउस विकसित किया गया और NSGM वेबसाइट पर अपडेट किया गया। इन डैशबोर्ड्स को https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से एक्सेस किया जा सकता है।
    7. 26 मई 2023 को मुख्य महाप्रबंधक, NPMU ने दूरसंचार विभाग द्वारा M2M/IoT सुरक्षा, उपयोग और मानकीकरण विषय पर आयोजित आभासी कार्यशाला में "स्मार्ट मीटरिंग और स्मार्ट ग्रिड इकोसिस्टम में साइबर सुरक्षा चुनौतियां और निवारण" पर व्याख्यान दिया।
    8. 29 मई 2023 को निदेशक NPMU ने संयुक्त सचिव (वितरण), विद्युत मंत्रालय की अध्यक्षता में CEM-14 के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली भारतीय पहलों पर चर्चा करने हेतु आयोजित आभासी बैठक में भाग लिया।
    9. मई 2023 तक, 64 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए और लगभग 22 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं (नोडल एजेंसियों अर्थात REC और PFC से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

sd/-

निदेशक, NPMU (प्रभारी)
dir.npmu.nsgm@gov.in